राजस्थान की फर्स्ट एवएिशन एकेडमी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **राजस्थान** के मुख्यमंत्री ने **अजमेर ज़िले के किशनगढ़ हवाई अड्डे पर राज्य की पहली** **उड़ान प्रशिक्षण अकादमी** का उद्घाटन किया।

मुख्य बिंदु

- **नई अकादमी किशनगढ़ में आर्थिक गतिविधियों के विकास में सहायता करेगी, जो कि संगमरमर और ग्रेनाइट उद्योग के कारण एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र के रूप में उभरा है।**
- राज्य में **हवाई संपर्क में वृद्धि** से **पर्यटन** को भी **बढ़ावा** मिलेगा।
- **केंद्र ने देश में 21 ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों को मंज़ूरी दी थी** और हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ाने तथा कम सेवा वाले हवाई मार्गों को उन्नत करके **क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने** के लिये कदम उठाए थे।
- केंद्र की **उड़ान योजना** से 1.41 करोड़ से अधिक घरेलू यात्री लाभान्वित हुए।

उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना

- **परिचय:**
  - यह योजना **नागर विमानन मंत्रालय (Ministry of Civil Aviation)** द्वारा क्षेत्रीय हवाईअड्डे के विकास और क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने के लिये शुरू की गई थी।
  - यह **राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति, 2016** **का एक हिस्सा** है।
  - **यह योजना 10 वर्ष की अवधि के लिये लागू है।**
- **उद्देश्य:**
  - भारत के सुदूर और क्षेत्रीय क्षेत्रों में हवाई संपर्क में सुधार लाना।
  - दूरस्थ क्षेत्रों का विकास करना तथा व्यापार और वाणिज्य एवं पर्यटन विस्तार को बढ़ावा देना।
  - आम लोगों को किफायती दरों पर हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराना।
  - विमानन क्षेत्र में रोज़गार सृजन।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-s-first-aviation-academy